**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन ग्राम कालादेही में ग्रामीण महिलाओं के साथ**

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति  उपयोजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 को पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, पशु चिकित्सा विस्तार विभाग द्वारा ग्राम कालादेही जबलपुर ब्लॉक में मनाया गया, महाविद्यालय की विभिन्न विस्तार सेवाओं में सहयोग के लिए कालादेही की आदरणीय सरपंच महोदया श्रीमती ओमबती भूमिया को सहयोग व सुविधा प्रदान करने के लिये स्नेह प्रतीक मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित गया। सरपंच महोदय द्वारा अन्य ग्रामीण महिलाओं को बकरी और मुर्गी पालन के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन और आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा और निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के नेतृत्व में किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रुचि सिंह और डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. भावना गुप्ता डॉ. वैशाली खरे डॉ. पायल जैन, डॉ. प्रगति पटेल एवं डॉ. शिल्पा गजबिय व सरपंच ओमवती भूमिया, अरविन्द भूमिया विजय चौकसे का सराहनीय योगदान रह। पशु चिकित्सा छात्राओ श्रेया नामदेव, कनिका साहू व जन्नत ने भी सहयोग सराहनीय रहा।




सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर